>

Title: Need to set up a hospital at par with All India Institute o f Medical Sciences in Meerut, Uttar Pradesh-Laid.

**श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ):** मैं मेरठ-हापुड लोक सभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूँ। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की क्षेत्रीय योजना 2001 में मेरठ को प्राथमिकता नगर (प्रियोरिटी टाऊन) चिन्हित किया गया था। एन.सी.आर में होने के बावजूद कभी भी यहां सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में कोई सार्थक प्रयास आज तक नहीं किये गये हैं। जो निजी अस्पताल यहां विगत कुछ वर्षों में अस्वित्व में भी आये हैं, वे भी महंगे इलाज के कारण आम आदमी की पहुंच के बाहर हैं। सरकारी अस्पतालों में इलाज का समुचित प्रबंध न होने तथा सुविधाओं के अभाव में गरीब आमजन जटिल व गंभीर रोगों से मृत्यु का ग्रास बन रहे हैं। यदि कोई गंभीर रोग से ग्रसित व्यक्ति यदा-कदा अखिल भारतीय आर्युविज्ञान संस्थान (एम्स) नई दिल्ली के लिये चिकित्सकों द्वारा रैफर किये जाते हैं वे भी यहां प्रतीक्षा सूची लम्बी होने के कारण महीनों तक एम्स के कोरीडोर अथवा कैम्पस में अपनी बारी की प्रतीक्षा करते हैं।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र मेरठ हापुड की शहरी एवं ग्रामीण जनसंख्या लगभग 35 लाख से अधिक होने के कारण मेरठ में अखिल भारतीय आर्युविज्ञान संस्थान (एम्स) सरीखे उच्चस्तरीय व अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से युक्त एक अस्पताल की स्थापना केन्द्र सरकार अथवा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड से प्रदत्त फन्ड से की जाय। सरकार की उक्त पल से न केवल इस क्षेत्र के आमजन को बेहतर स्वास्थय सुविधायें सुलभ होगी वरन् एन.सी.आर. के क्षेत्र में बेहतर चिकित्सा सुविधाओं के प्रसार से दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आर्युविज्ञान संस्थान (एम्स) पर भी रोगियों का दबाव कम होगा तथा यहां भी सभी को समुचित इलाज सुलभ हो सकेगा। इसके अतिरिक्त केन्द्र सरकार के उक्त निर्णय से न केवल मेरठ बल्कि इससे सटे उत्तर प्रदेश राज्य के अन्य जिलों जैसे गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बागपत, मुज्जफरनगर, सहारनपुर व मुरादाबाद की जनता भी स्वास्थ्य सुविधाओं से अत्यधिक लाभान्वित होगी।